# भांग की आदत छोड़ दे भोला | by Gouri Agarwal

बोली गौरी सुनो भोला बात मेरी ध्यान से सुनलो
मुझे या भांग दोनों में कोई भी एक तुम चुन लो
चली मैं जाउंगी वरना तुम्हे छोड़ कर
बोली गौरी सुनो भोला ..................

जबसे लाये हो तुम ब्याह करके मुझे
मुझसे प्यारी लगे भोला भंगिया तुझे
ना दया है ना दिल में तेरे प्यार है
मेरे अरमानो के सारे दीपक बुझे
तेरे दिल में हमारी नहीं है कदर
बोली गौरी सुनो भोला ................

भांग पीने की आदत तू ये छोड़ दे
वरना तू मुझसे रिश्ता अभी तोड़ दे
बन गई मेरी सौतन ये भंगिया तेरी
भांग की मटकी भोला अभी फोड़ दे
घोला भंगिया ने जीवन मेरे ज़हर
बोली गौरी सुनो भोला ................

फैसला अब ये भोला तेरे हाथ है
भांग या रहना तुमको मेरे साथ है
दोनों बच्चे सँभालु या भंगिया घिसूँ
ध्यान बच्चों का भी न तुम्हे नाथ है
कुंदन बिलकुल नहीं है हमारी फिकर
बोली गौरी सुनो भोला ................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%a6%e0%a4%a4-%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-gouri-agarwal/